बिरला नगर अस्पताल को मिले अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. उप नगर ग्वालियर में सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इस क्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को बिरला नगर सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह में अत्याधुनिक 'सी-आर्म मशीन' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तकनीक के इस विस्तार से अब क्षेत्र के नागरिकों को जटिल सर्जरी और उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया 'सी-आर्म मशीन' का शुभारंभ

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सिविल अस्पताल बिरला नगर के अधीक्षक डॉ.जेके मसोरिया, डॉ.एके खरे, डॉ.हरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ.वरुण पाठक सहित अन्य प्रमुख चिकित्सक मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, आधुनिक एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सी-आर्म मशीन एक मोबाइल मेडिकल इमेजिंग डिवाइस है, जो सर्जरी के दौरान रियल-टाइम एक्स-रे (फ्लोरोस्कोपी) छवियां प्रदान करती है। इसका मुख्य उपयोग ऑर्थोपेडिक (हड्डी), कार्डियोलॉजी, और यूरोलॉजी सर्जरी में शरीर के आंतरिक अंगों को देखने, हड्डियों को जोड़ने, स्टेंट लगाने, या कैथेटर को सही स्थान पर पहुंचाने के लिए किया जाता है।

ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान बिरला नगर अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। साथ ही अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं और साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और रोगियों से जुड़ी सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए।

पहला सफल आपरेशन हुआ

सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह बिरला नगर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा सी-आर्म मशीन का लोकार्पण किए जाने के उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा अस्थि रोग से पीड़ित पहले मरीज का सफल आपरेशन भी किया गया।

भव्य कलश यात्रा के साथ माधव मंगलम पैलेस में शुरू हुई राघव ऋषि की भागवत कथा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. ऋषि सेवा समिति की ग्वालियर ईकाई द्वारा आज शनिवार से माधव मंगलम पैलेस में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे राममंदिर फालका बाजार से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। राघव ऋषि दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का अमृत प्रवाह करेंगे। राघव ऋषि अनवरत 20 वर्षों से ग्वालियर के विभिन्न स्थानों पर विविध पुराणों एवं कथाओं का वाचन एवं ज्योतिषीय परामर्श द्वारा नगर के जनमानस का हिंदू संस्कृति के प्रति जागरुकता

एवं सनातन प्रचार प्रसार में महती भूमिका निभा रहे हैं। मंगल कलश यात्रा फालका बाजार स्थित राम मंदिर से प्रारम्भ होकर गिर्राज मंदिर हाईकोर्ट होते हुए कथास्थल माधव मंगल पैलेस पहुंची। कलश यात्रा में 108 महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु पीले वस्त्रों में शामिल हुईं। प्रथम दिवस भागवत माहात्म्य पर प्रकाश डाला जाएगा। 12 अप्रैल को ध्रुव चरित्र, कपिलोपाख्यान, 13 अप्रैल जड़भरत प्रसंग एवं प्रह्लाद चरित्र, 14 अप्रैल को वामन अवतार, श्रीराम चरित्र एवं कृष्ण जन्म का प्रसंग होगा। 15 अप्रैल को नंदोत्सव, माखनचोरी एवं गोवर्धन पूजा, 16 अप्रैल को वेणुगीत, गोपीगीत एवं रुक्मिणी विवाह 17 अप्रैल को सुदामा चरित्र, 18 अप्रैल को उद्धव संवाद सहित विविध प्रसंग होगा जिसके उपरान्त महाप्रसाद भंडारे के साथ कथा विश्राम होगा। कथा में ऋषि महाराज के सुपुत्र सौरभ ऋषि द्वारा सुमधुर भजनों की नित्य प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही कथानुसार नित्य झांकी का भी मंचन होगा।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करना राजस्व अधिकारियों का प्रथम दायित्व है। शासन द्वारा राज्य प्रकरणों के निराकरण के लिये समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित समय में प्रकरणों का निराकरण न करने वाले राजस्व अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शनिवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ सीएम हैल्पलाइन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, फार्मर आईडी, राजस्व एवं वन विभाग के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, एडीएम सी बी प्रसाद सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की और

जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अधिकारियों से कहा कि लंबित राजस्व वसूली प्रकरणों में तेजी लाई जाए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज राजस्व संबंधी शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के लिए नियमित सुनवाई की जाए और प्रकरणों की प्रगति की सतत निगरानी रखी जाए।

सीएम हैल्पलाइन में दर्ज राजस्व प्रकरणों का त्वरित करें निराकरण

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आवेदकों से किसी भी स्थिति में रिकॉर्ड न मांगा जाए। रिकॉर्ड संधारित करने का कार्य राजस्व अधिकारियों का है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन में राजस्व प्रकरणों के संबंध में जो भी प्रकरण दर्ज है उनका निराकरण राजस्व अधिकारी तत्परता से सुनिश्चित करें।

हाईकोर्ट में वृहद स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. जीवन का उद्देश्य कल्याण की भावना होनी चाहिए, यदि हम मानसिक और शारीरिक रूप पर स्वस्थ्य रहेगें तो उस व्यक्ति की ज्यादा मदद कर पाएगें जिसे न्याय की आशा है। इस आशय के विचार उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायधिपति श्री आनंद पाठक ने व्यक्त किए। न्यायमूर्ति श्री पाठक शनिवार को उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में आयोजित हुए वृहद नि:शुल्क

जीवन का प्रमुख उद्देश्य कल्याण की भावना का होना चाहिए - न्यायमूर्ति आनंद पाठक

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य शिविर में अधिवक्तागण, सुरक्षा कर्मी एवं अन्य कर्मचारियों सहित आमजनों ने अपना नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड सहित खून व अन्य प्रकार की नि:शुल्क जांचों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त न्यायमूर्ति श्री आशीष श्रोत्रीय, न्यायमूर्ति श्री अमित सेठ, प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर, प्रधान जिला न्यायाधीश (निरीक्षण) श्री जाकिर हुसैन, अन्य न्यायाधीशगण, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री राजीव के पाल, ओ.एस.डी./ रजिस्ट्रार श्री नवीन कुमार शर्मा, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पवन पाठक, सचिव श्री महेश गोयल, अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री विवेक खेड़कर, श्री रोहित मिश्रा, श्री दीपेन्द्र सिंह कुशवाह तथा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, स्टॉफ सदस्य, सुरक्षा के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए विचार प्रशासनिक न्यायधिपति श्री आंनद पाठक ने कहा कि हमें हर चीज की शुरूआत क्यों से करना चाहिए।

स्वास्थ्य शिविर में इन चिकित्सकों ने दी अपनी सेवायें

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. सुनील गजेन्द्र गडकर हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. जे.एस. नामधारी जनरल फिजिशियन, डॉ. अवधेश तोमर जनरल फिजिशियन, डॉ. अमित थावरानी उदर रोग विशेषज्ञ, डॉ. बृजेश सिंघल यूरोलॉजिस्ट, डॉ. पंकज गुप्ता न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. राजा यादव ऑर्थोपेडिक, डॉ. प्रीति गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. थॉमस नेत्र रोग विशेषज्ञ व डॉ. दिव्या चर्म रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवायें दीं।

जोड़ एवं कूल्हे रोग नि :शुल्क परामर्श शिविर कैलाश हॉस्पिटल में कल

ग्वालियर। शैल्बी कैलाश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कम्पू पर जोड़ एवं कूल्हे रोग का नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन कल सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में शैल्बी हॉस्पीटल अहमदाबाद के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विपिन सिंह मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श देंगे। मरीजों के लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी इलाज उपलब्ध है। सभी मरीजों से आग्रह है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठावें।

असम में कांग्रेस की सरकार बनेगी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. एआईसीसी के ऑब्जर्वर एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने दावा किया है कि असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

एआईसीसी ऑब्जर्वर अशोक सिंह का दावा - 5 राज्यों में हमारा गठबंधन बनाएगा सरकार

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने के बाद नए मुख्यमंत्री के मुद्दे पर भी टिप्पणी की है।

अशोक सिंह के अनुसार पांचों राज्यों में 'इंडिया' गठबंधन की सरकारें बनने जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पुडुचेरी, तमिलनाडु और असम में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। तमिलनाडु में कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन है, जहां उनकी सरकार बन रही है। उन्होंने असम में कांग्रेस की जीत का कारण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के भ्रष्टाचार और मुख्यमंत्री की 'बदजुबानी' से वहां की जनता नाराज है। सिंह ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जैसे नेताओं के खिलाफ की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा कि जनता भाजपा को हराकर इसका जवाब देगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चुनाव नतीजों में एक मजबूत कांग्रेस सरकार बनेगी। असम में बड़े बदलाव की उम्मीद जताते हुए सिंह ने नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने के बाद बिहार में नए मुख्यमंत्री के चेहरे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति आने वाले दिनों में कई राज्यों में देखने को मिलेगी। सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी जिस भी क्षेत्रीय दल के साथ गठबंधन करती है, उसका अंत निश्चित होता है।

ब्राह्मण महिला मंच ने बैसाखी उत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. विप्रा ब्राह्मण महिला मंच के तत्वावधान में शनिवार को निजी होटल में प्री बैसाखी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विप्रा संगिनियां परंपरागत वेशभूषा से सतरंगी रंग में नजर आ रहीं थीं। रंग दे बसंती चोला पर...उन्होंने भांगड़ा किया। इसके साथ ही मंजू शर्मा, मुनमुन शुक्ला और सपना पाराशर ने आज फिर कित्थे चली, मोरनी बनके पर नृत्य प्रस्तुत किया। उत्सव के बीच मंच की संस्थापिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी की सहमति से नई टीम का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. शिवानी चतुर्वेदी को अध्यक्ष, डॉ. शैलजा मिश्रा उपाध्यक्ष, डॉ. राजरानी शर्मा सचिव, पल्लवी शर्मा सह सचिव, ज्योति शर्मा

कोषाध्यक्ष, दीप्ति शर्मा सह कोषाध्यक्ष एवं नीतू उपमन्यु को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके बाद विभा शुक्ला एवं रंजना गर्ग ने मालामाल गेम खिलाया। वहीं रीमा ने रेसिन आर्ट तो डॉ. शैलजा मिश्रा ने वैसाखी पर्व की जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा कि वैसाखी पर्व हमारे खेत-खलिहान से शुरु होकर घर-घर तक पहुंचता है। इस सांस्कृतिक पर्व ने आजादी की आग लोगों के दिलों में जलाई थी। मुगलों के आक्रमण के समय सिख गुरुओं ने ही उनका साहस का सामना किया था। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिये बलिदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। बोले सो निहाल, वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। ढोल-ताशों की थाम ने नया जोश भर दिया। कार्यक्रम में रंजना गर्ग, दीप्ति शर्मा, डॉ. शैलजा मिश्रा, आभा शर्मा, अर्चना शर्मा, नीतू उपमन्यु, किरण मिश्रा, भारती शर्मा, कल्पना पाठक, संगीता शर्मा, श्रुति उपाध्याय, विभा शुक्ला, सपना पाराशर, रश्मि त्रिपाठी, रंजना शर्मा, सुमन शर्मा, साक्षी शर्मा, गीता शर्मा, कृष्णा विश्वास शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रजनी शर्मा, मुनमुन शुक्ला, मंजू शर्मा, भावना चतुर्वेदी, रीमा आदि विप्रा संगिनियां उपस्थित थीं।

मुंबई हॉस्पिटल के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, अपोलो हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे

ग्वालियर 11 अप्रैल. अपोलो हॉस्पिटल मुंबई के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. पुरुषोत्तम वशिष्ट परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. पुरुषोत्तम वशिष्ट जो की वरिष्ठ गैस्ट्रोलॉजिस्ट है जिनको 25 वर्षों का अनुभव है। जिन मरीजों को सिरोसिस तथा लिवर संबंधी बीमारियां,पीलिया, हेपेटाइटिस बी, उल्टी, गैस, खूनी उल्टी और लैट्रिन में खून आने की शिकायत है। ऐसे मरीज डॉ. पुरुषोत्तम वशिष्ट से रविवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक परामर्श ले सकते हैं।

चीतों के लिए तैयार हो रहा नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. कूनो नेशनल पार्क देश में चीतों का प्रमुख प्रजनन केंद्र बन गया है। पिछले तीन वर्षों में यहां 45 शावकों का जन्म हुआ, जिनमें से 33 जीवित हैं। वर्तमान में पार्क में कुल 50 चीते हैं, लेकिन खुले जंगल में केवल 12 ही सक्रिय हैं। 23 शावक अपनी 6 माताओं के साथ बाड़ों में हैं, जबकि 9 चीते क्वारंटाइन में रखे गए हैं।

इस बीच कुछ चीतों को नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य भेजने की तैयारी है। शुरुआती चरण में 2 नर और 2 मादा चीतों को जून में टीकाकरण के बाद शिफ्ट किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नौरादेही को तीसरा चीता आवास बनाने की घोषणा कर चुके हैं। अंतिम निर्णय चीता स्टीयरिंग समिति लेगी। वर्तमान में देश में चीतों की कुल संख्या 53 हो चुकी है।

5500 वर्ग किमी में फैला है

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य लगभग 5500 वर्ग किमी में फैला प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है। पिछले दो वर्षों से इसे चीता आवास के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां शिकार आधार, निगरानी और प्रबंधन व्यवस्था तैयार हो चुकी है। विशेष बाड़ों का निर्माण अंतिम चरण में है। मानसून से पहले टीकाकरण के दौरान चीतों को पकड़कर शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है।



पंच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. शहर की लक्ष्मी बाई कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित पंच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का क्रम निरंतर भक्तिभाव के साथ आगे बढ़ रहा है। दूसरे दिन का आयोजन विशेष रूप से संगीतमय गीता ज्ञान के लिए समर्पित रहा, जिसमें भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत गीता पूजन, मंगलाचरण एवं शास्त्र वंदना के साथ हुई, जिसके बाद कथा व्यास के रूप में सुप्रसिद्ध गीता मनीषी एवं विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के केन्द्रीय महामंत्री डॉ. विष्णु नारायण तिवारी ने संगीतमय शैली में गीता के गूढ़ तत्वों का विस्तार से वर्णन किया।

द्वितीय दिवस में गीता के प्रथम अध्याय 'अर्जुन विषादयोग' के भावों को पुन: स्मरण कराते हुए द्वितीय अध्याय 'सांख्य योग' के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के मध्य हुए संवाद को भक्ति संगीत के माध्यम से अत्यंत सरल और हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

प्रतिदिन सायं 5 बजे से 8 बजे तक आयोजित हो रहे इस यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर गीता के दिव्य संदेशों का लाभ ले रहे हैं। यह आयोजन 14 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिसके समापन अवसर पर अखण्ड गीता पाठ, हवन एवं पूर्णाहुति का विशेष आयोजन किया जाएगा।

एमिटी विवि में दिखा रिसर्च, इनोवेशन और स्टार्टअप का संगम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अप्रैल. एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी बिजनेस स्कूल द्वारा 'राइज 2026 '- रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप एवं एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नवाचार, शोध एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में 17 टीमों ने भाग लिया जिनमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अपने नवाचारपूर्ण बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित क्षेत्रों जैसे कृषि, मार्केटिंग, फाइनेंस, एचआर एवं टूरिज्म में रचनात्मक एवं व्यावहारिक विचार प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट विचारों के मूल्यांकन हेतु जज के रूप में एआई विशेषज्ञ कृष्णकांत चतुर्वेदी एवं डॉ. राघवेंद्र मिश्रा को शामिल किया गया।

जिन्होंने प्रतिभागियों के विचारों का मूल्यांकन किया तथा विद्यार्थियों के साथ तीन वास्तविक केस स्टडी साझा करते हुए अपने स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो डॉ आर एस तोमर एवं प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा, एवीएसएम, (सेवानिवृत्त) ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को उद्यमिता के विचारों से जोड़ते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एमिटी बिजनेस स्कूल की प्रमुख डॉ. नविता नाथानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) एम. पी. कौशिक, प्रो वाइस चांसलर रिसर्च, डॉ. राजीव द्विवेदी, डॉ. आस्था जोशी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी एवं डॉ. किशन सिंह राठौर सहित फैकल्टी सदस्य डॉ. अजीत सिंह एवं डॉ. उमेश गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।